महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

**'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम में हिंदी विश्वविद्यालय का अमृत कलश किया सुपूर्द**

वर्धा 25 अक्टूबर 2023 : भारत सरकार के 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का समापन आज बुधवार 25 अक्टूबर को जिला क्रीडा संकुल के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का अमृत कलश वर्धा के सांसद श्री रामदास तडस को सुपूर्द किया गया। इस अवसर पर वर्धा के विधायक डॉ. पंकज भोयर, आर्वी के विधायक दादाराव केचे,





जिलाधिकारी राहुल कर्डिले, जिला पुलिस अधीक्षक नूरूल हसन, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रोहन घुगे,





जिला परिषद की उपमुख्य कार्यपालक अधिकारी तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ. ज्ञानदा फणसे, नेहरू युवा केंद्र के संयोजक शिवधन शर्मा, जिला क्रीडा अधिकारी अनिल निमगडे, विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिव सिंह बघेल, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, जिला सूचना अधिकारी मंगेश वरकड, विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

समापन कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की शोधार्थी अर्चना निगम ने सितार वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने सितार पर देश भक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किए। तबले पर जीवन बांगडे ने संगत की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने देश भक्ति पर आधारीत गानों पर नृत्य प्रस्तुत किए। यश गर्ग, मनीष तिवारी, संतोष कुमार साहू, निदा अली, सागर सुधाकर निकम, अमीषा द्विवेदी, बिशमा देवी, ज्योति कुमारी, अभिषेक, अमित मिसाळ, स्वेच्छा, दिव्या कुमारी, अनुज उत्तमराव गायकवाड, कपिल रत्नपाल बहादुरे, प्रतीक गायकवाड, ब्यूटी कुमारी, शिवानी आदि ने नृत्य प्रस्तुत किए। नृत्य की कोरियोग्राफी नीरज छिलवार ने की।

विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में तथा उमरी (मेघे) गाँव में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा निकाली गयी और मिट्टी संकलित की गयी। अमृत कलश में संकलित मिट्टी को जिला स्तरीय अमृत कलश यात्रा के समापन पर जिला क्रीडा संकुल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वर्धा जिले से दिल्ली में जाने वाले कलश में रखा गया। वर्धा जिले से नौ कलश दिल्ली रवाना किए गये, जिसमें विश्वविद्यालय के अमृत कलश में संकलित मिट्टी का भी समावेश है।